हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 सितंबर 2025

06 बैठकों का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के लिए साझा मंच...



07 विजयपुर में किसानों ने खाद के लिए की पत्थर...





## खबर संक्षेप

### नगर निगम पर हल्ला बोल व धरना प्रदर्शन आज

**सागर।** नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की हो रही अनदेखी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर सागर के तत्वाधान में सागर नगर निगम पर हल्ला बोल एवं धरना प्रदर्शन 16 सितंबर दिन मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे सें दोपहर -3 बजे तक नगर पालिक निगम के सामने एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष जिला कांग्रेस शहर सागर महेश जाटव नें सभी कांग्रेस जनो सें धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### लोक पर्व का आयोजन 20 सितंबर को

**सागर।** लोक पारंपरिक कलाओं पर आधारित कार्यक्रम लोक पर्व 2025 का आयोजन 20 सितंबर को दीपक सभागार सिविल लाइंस सागर में अपरान्ह 5.00 बजे से किया जावेगा। संस्था लोक कला निकेतन के आयोजन और श्यामलम के संयोजन में होने जा रहे इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंदी व बुंदेली की सुप्रसिद्ध लेखिका सुश्री डॉ.शरद सिंह होंगी। वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र दुबे 'कलाकार' अध्यक्ष तथा सत्यम बुंदेली संग्रहालय के संस्थापक दामोदर अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर आकाशवाणी के 'ए ग्रेड' प्राप्त बुंदेली के सुप्रसिद्ध गायक शिवरतन यादव व कपिल चौरसिया द्वारा बुंदेली के मधुर गीतों की प्रस्तुति दी जाएंगी। आयोजक संस्थाओं के उमा कान्त मिश्र और डॉ.अतुल श्रीवास्तव ने सभी बुंदेली प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### डीएपी के साथ एनपीके का भी होगा वितरण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि डीएपी खाद के साथ-साथ एनपीके का भी वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसानों को पर्याप्त खाद मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि समस्त एसडीएम खाद वितरण के पूर्व किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ बैठक अवश्य करें। बैठक के माध्यम से किसानों की जरूरतों व उनकी समस्याओं को समझते हुए समय पर समाधान करें, जिससे वितरण कार्य सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि खाद वितरण सुचारू रूप से संचालित हो इस हेतु खाद वितरण स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं किसानों को छाया, पेयजल की व्यवस्था की जाएं एवं सुरक्षा हेतु बेरिकेडिंग की जावे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसानों को कतार में अधिक समय न लगाना पड़े इस हेतु टोकन व्यवस्था की जाए और उन्हें उचित मात्रा में खाद मिले, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए।

### सड़क दुर्घटनाओं के ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करें। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट की पहचान कर उनकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही समय पर की जा सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम प्रशासन की प्राथमिकता है। ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुधार, संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं आवश्यक यातायात व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हेतु संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर और यातायात व्यवस्थाएं सुदृढ की जाएं।

---

**सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकृत कराएं**

## सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति व शिकायतों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण रूप से निराकृत कराएं, लंबित रहने वाली शिकायतों के विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायतों का निराकरण कराएं, सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति एवं शिकायतों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की एक एक वेतन वृद्धि रोकी जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ विवेक केवी, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर संदीप जी. आर. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में एवं संतुष्टिपूर्वक निकराकरण करके



जिले की ग्रेडिंग में सुधार करें। शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख लगातार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर कार्य करते रहें और यथोचित सीएम हेल्पलाइन लगाने वाले व्यक्ति से व्यक्तिगत संपर्क भी करें जिससे कि उनकी समस्या का संतुष्टि पूर्ण समाधान हो सके। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करें और जिले वासियों की सभी समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक दिन सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक समय दें और शिकायतकर्ता से चर्चा करें जिससे कि सभी शिकायतों का निराकरण समय सीमा में हो सके।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की खराब स्थिति एवं शिकायतों को लंबित रखने वाले विभागीय अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाए। उन्होंने सभी एसडीएम राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का दैनिक रूप से निगरानी करें, सभी एसडीएम पटवारियों की मीटिंग करें। इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सभी अपने अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर समय से एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएं जिससे की सीएम हेल्पलाइन में जिले की ग्रेडिंग में सकारात्मक सुधार हो।




## विश्वविद्यालय के व्यावहारिक भूविज्ञान विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के व्यावहारिक भूविज्ञान विभाग ने हाल ही में लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड, एक प्रमुख इस्पात उत्पादक कंपनी के साथ एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 2024 और 2025 बैच के 31 छात्रों ने भाग लिया, जो विश्वविद्यालय की उद्योग-अकादमिक साझेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चयन प्रक्रिया में एक लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल था, जिसमें 9 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया। तीन छात्रों शुभम मिश्रा, राजेश साहू और ओम शर्मा का चयन किया गया, जबकि दो छात्रों, संजीत कुमार धुर्वे और नबाघाना मलिक को तीन महीने के बाद ऑफर लेटर प्राप्त होंगे। चार छात्र, अंशकिता सेजल, शिवानी साहू, श्रेया यादव और सृजल जैन प्रतीक्षा सूची में हैं और उन्हें 6-9 महीने में ऑफर मिल सकते हैं। चयनित छात्रों को एक प्रतिस्पर्धी पैकेज मिलेगा, जिसमें 4.77 एलपीए + ईएसओपी शामिल है, साथ ही भोजन, आवास और यात्रा भत्ता जैसे अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। भर्ती अभियान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन व्यावहारिक भूविज्ञान विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. विवेक प्रकाश मालवीय द्वारा किया गया। जिन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्वमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने 14 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के बांदरी, मालथौन, मालथौन 2, बरोदिया कलां ,रजवांस व रोंड़ा सेक्टर के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों में नवनियुक्त कार्यकर्ता व सहायिका बहिनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। विधिवत विभागीय चयन प्रक्रिया में चयनित 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 13 सहायिकाओं को रिक्त स्थानों पर नियुक्ति मिली है। इनमें मालथौन के अटा कर्नेलगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र में कु रुचि राय पिता अनिल कुमार राय को नियुक्ति मिला है। सहायिकाओं में अटाटीला आंगनबाड़ी केंद्र में गीता अहिरवार पत्नी राकेश अहिर वार, मड़यिा कीरत केंद्र में पूनम राजपूत पत्नी प्रदीप सिंह, बरौदिया गुसाईं में नेहा खंगार पत्नी रिंकू राय, चारौदा केंद्र में कु आराधना पिता निरंजन सिंह राजपूत, बीजरी 01 केंद्र में कु रंजनाबाई अहिरवार पिता बालचंद अहिरवार, नोठा केंद्र में रचना लोधी पत्नी नरेन्द्र लोधी, ढिमरई में कु शिवानी बुंदेला पिता



उदयभान सिंह, पाली सुजान में पूजा यादव पत्नि काशीराम यादव, बिधाई में रोशनी ठाकुर पत्नी राजेंद्र सिंह बघेल, पतराज में कु रक्षा पिता हरिशंकर दांगी, खिरिया गौड़ में श्रीमती प्रीति राजपूत पत्नी राजनसिंह राजपूत, कुरमान में कु राधिका अहिरवार पिता मनोहर अहिरवार तथा लच्छासर आंगन बाड़ी केंद्र में कृष्णा देवी पत्नी रीतेश सिंह, सुपरवाइजर शशि चौबे, रश्मि शर्मा, गीता अहिरवार, किरन भार्गव को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

नियुक्ति पत्र प्रदान करने पर पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सभी नवनियुक्त कार्यकर्ता, सहायिका बहिनों को मिष्ठान खिला कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए सभी बहिनों से कहा कि क्षेत्र में सरकार की सभी महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें तथा उनमें आने वाली सामग्री हितग्राही बच्चों व महिलाओं को समय पर मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की मालथौन परियोजना अधिकारी संयोगिता राजपूत उपस्थित रहीं।

## विगत 15 दिवस में 41 मरीजों को रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से नि:शुल्क रक्त मिला

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर स्थित कार्यालय में संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से सितंबर माह के पहले पखवाड़े में 41 गरीब जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। इन 41 जरूरत मंदो में से 40 मरीज सागर जिले के सभी विकासखंडों से हैं जबकि 1 मरीज उप्र के सीमावर्ती जिले ललितपुर का भी है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर सागर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए 2 जून को हेल्पलाइन सेंटर आरंभ किया गया था। इस निःशुल्क सेवा के माध्यम से मरीजों को शीघ्रता से रक्त उपलब्ध कराने की हर संभव कोशिश की जाती है। पूर्व गृहमंत्री सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष आयोजित हुए चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है। रक्त उपलब्ध कराने के सेवा प्रकल्प को पूर्व गृहमंत्री सिंह ने अपने जीवन के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल किया है। इसी उद्देश्य को गति देने पूर्व गृहमंत्री सिंह ने अपने सागर स्थित कार्यालय में रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है। पूर्व गृहमंत्री सिंह का कहना है कि यह हेल्पलाइन सेंटर चौबीस घंटे चालू रहेगा। इसकी सहायता से निः शुल्क ब्लड लेने के लिए लैंडलाइन नंबर 262688 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर भी काल, वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।

## मानव अधिकार आयोग से प्राप्त लंबित प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं राज्य मानव अधिकार आयोग भोपाल से विभिन्न विभागों को प्राप्त लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग संबंधित आवेदकों से सतत संवाद स्थापित करें और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने कहा कि मानव अधिकार आयोग से जुड़े मामलों में किसी भी उन्होंने कहा कि मानव अधिकार आयोग से जुड़े मामलों में किसी भीप्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग ने आयोग को पत्र प्रेषित किया है, तो उसकी स्थिति आयोग से कम्युनिकेट कर कन्फर्म करना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विभाग प्रमुख स्वयं प्रकरणों को सुनिश्चित करें कि हर शिकायतकर्ता को समय पर जानकारी और न्याय मिले। कलेक्टर ने कहा कि मानव अधिकार से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**नस्ल सुधार ही गौ संरक्षण का सबसे बढ़िया विकल्प**

## आखिर सड़कों पर गाए ही आवारा क्यों मिलती हैं, भैंस क्यों नहीं..?

### सड़कों पर भटकती गोवंश: एक दर्दनाक विडंबना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

हमारी संस्कृति में गाय को माँ का दर्जा दिया गया है, जिसे 'गोमाता' कहकर पुकारा जाता है। लेकिन आज यही गोमाता सड़कों पर एक दर्दनाक विडंबना का शिकार हैं। दिन हो या रात, शहरों और गाँवों की सड़कों पर अक्सर आवारा घूमती गायें दिखाई देती हैं। ये न सिर्फ यातायात के लिए बाधा बनती हैं, बल्कि इनकी खुद की जान भी खतरे में रहती है। बड़े वाहनों से टकराने पर ये बेजुबान जानवर बुरी तरह से घायल हो जाते हैं, और छोटे वाहनों से टकराने पर इंसानों को चोट लगती है। यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि आए दिन दुर्घटनाओं की खबरें सुनने को मिलती हैं।

जब हम इस समस्या की जड़ तक जाते हैं, तो एक कड़वा सच सामने आता है। आखिर भैंस या अन्य दुधारू पशु सड़कों पर क्यों नहीं भटकते? इसका सीधा-सा जवाब है



अर्थव्यवस्था। भैंस या उच्च नस्ल की गायें अधिक दूध देती हैं, इसलिए वे अपने मालिकों के लिए आर्थिक रूप से मूल्यवान होती हैं। उनका पालन-पोषण भी ठीक तरह से किया जाता है। इसके विपरीत, कम दूध देने वाली देशी नस्लों की गायें अक्सर अपनी उपयोगिता खो देती हैं। उनके मालिक उन्हें आवारा छोड़ देते हैं, और ये बेचारी गायें सड़कों पर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हो जाती हैं।

यह स्थिति केवल जानवरों के प्रति क्रूरता नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक सोच का भी एक प्रतिबिंब है। हम केवल उन्हीं चीजों को महत्व देते हैं, जो हमारे लिए फायदेमंद होती हैं। इस दृष्टिकोण ने न सिर्फ गौवंश को असहाय बनाया है, बल्कि यह हमारी मानवीय संवेदनाओं पर भी एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है।इस समस्या का समाधान केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यावहारिक भी होना चाहिए। सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। सड़कों पर घूमने वाले आवारा सांडों को गो अभ्यारण्यों में भेजा जा सकता है या उनके बधियाकरण (नसबंदी) की व्यवस्था की जा सकती है। इसके साथ ही, कृत्रिम गर्भाधान जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नस्ल सुधार पर जोर देना चाहिए। इससे देशी नस्लों की दूध देने की क्षमता बढ़ेगी, और लोग उन्हें सड़कों पर छोड़ने के बजाय घर में रखना पसंद करेंगे। जब गौवंश आर्थिक रूप से मूल्यवान होगा, तो उसका संरक्षण भी अपने आप ही होगा।

सड़कों पर भटकती गायें सिर्फ एक यातायात समस्या नहीं हैं, बल्कि यह हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्यों की एक परीक्षा है। यह समय है जब हमें इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए और ऐसे ठोस कदम उठाने चाहिए, जिससे हमारी 'गोमाता' सड़कों पर भटकने के बजाय सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।



## कलेक्टर ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को किया सम्मानित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अनुसूचित जाति-जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, तिली में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक महेन्द्र सिंह लोधी को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त होने पर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं पुरूस्कृत होने पर बधाई दी। प्रदेश के सम्मानित 14 शिक्षको में सागर जिला से एक मात्र शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी हैं जिन्हे शिक्षक दिवस पर राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरुषकृत व सम्मानित किया था। महेन्द्र लोधी को आज टी एल बैठक के दौरान कलेक्टर संदीप जी आर ने भी सम्मानित कर बधाई देते हुए पर्यावरण के क्षेत्र में और अच्छा कार्य करने की बात कही हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शाहवाल, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सुधीर श्रीवास्तव सहित बिभिन्न विभागो के अधिकारीगण मौजूद रहे। लोधी शिक्षा जगत में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य के लिए विगत 18 वर्षों से उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। वह एक नवाचारी व पर्यावरण संरक्षण प्रेमी शिक्षक है जोकि शैक्षिक गतिविधियों में निरंतर नवाचार कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दे रहे हैं। उन्होंने एनएसएस छात्रों की मदद से ज्ञानोदय विद्यालय के 10 एकड़ से अधिक चट्टानी बंजर भूभाग को वृक्षो व हरियाली से आच्छादित कर हरित परिसर में बदल दिया है। यह कार्य उनके पर्यावरणीय दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। वे वर्तमान में विद्यालय में एनएसएस इकाई, स्मार्ट क्लास, योग क्लब, आईटी लैब, प्रवेश परीक्षा, छात्रावास संचालन समिति जैसे कई कार्यों के प्रभारी हैं। शिक्षा अनुशासन और हरियाली की दिशा में उनका समर्पण विद्यालय को एक आदर्श शैक्षिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित कर रहा है। शिक्षा, नवाचार और समाजोत्थान के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें आज के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बनाती है।

## भाजपा पार्षद का कृत्य भाजपा का चेहरा उजागर करता है: महेश



**सागर।** एक पीड़ित महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक को अपनी प्राताड़ना के संबंध में और चार दिन तक बंधक बनाए जाने का भाजपा पार्षद पर आरोप लगाना गंभीरता की श्रेणी में आता है । साथ ही महिला ने रिवाल्वर एवं अन्य हथियारों से डराने धमकाने की बात भी कही है। भाजपा की पार्षद का यह कृत्य भाजपा का चेहरा उजागर करता है भाजपा को चाहिए की महिलाओं के उत्पीड़न पर गंभीरता से संज्ञान लें और आरोपी पर सख्त कार्रवाई करें। यह बात आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने कहीं। जाटव ने कहा कि भाजपा ऐसे महिला उत्पीड़न करने वाले लोगों को संरक्षण प्रदान करती है और पुरस्कार प्रदान करती है यही बीजेपी का असली चेहरा है।




## डॉ सीरोठिया को मिला काव्य शिरोमणी सम्मान

**सागर।** हिंदी दिवस के अवसर पर राजस्थान के श्रीनाथद्वारा में साहित्य मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में हिंदी गीत विधा में उत्कृष्ट सृजन के लिए सागर के वरिष्ठ चिकित्सक गीतकार डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को साहित्य मंडल काव्य शिरोमणि अलंकरण स्व रामस्वरूप सिंघल (दिल्ली) स्मृति 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान में श्रीनाथ जी का कंठहार, पगड़ी, उत्तरी, शाल, श्रीनाथ जी का चित्र, प्रसाद, अभिनंदन पत्र एवं 3100 रूपये की राशि प्रदान की गई। डॉ सीरोठिया को यह सम्मान वर्धा हिंदी विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो डॉ हरिश्वर मिश्र, राष्ट्रपति भवन में ए.डी.सी. राजेंद्र मिश्र, राजस्थान साहित्य अकादमी के सचिव वसंत सोलंकी, प्रोफ डॉ राहुल जी, प्रोफ कृष्ण लाल विश्वनोई, आचार्य ओम नीरव साहित्य मंडल के सचिव श्याम प्रकाश देवपुरा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूरे देश के विभिन्न अंचलों से शताधिक साहित्यकार उपस्थित थे।

## विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा सागर जिले में की गई घोषणाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से एवं समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों पर अभी प्रारंभिक कार्यवाही होना बाकी है, उनमें तेजी लाई जाए तथा जिन कार्यों का क्रियान्वयन जारी है उनकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

**श्रीमान थाना प्रभारी महोदय गढ़ाकोटा, थाना गढाकोटा जिला सागर मप्र**

**आवेदक :- अभिषेक पटैरिया उम्र 36 वर्ष पिता हरिनारायण पटैरिया निवासी ग्राम केंकरा तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर मप्र**
**विषय :- रजिस्ट्री / बैनामा रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP33772016A1226928 गुम हो जाने बावत।**

यह कि मैं ग्राम केंकरा तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर मप्र का मूल निवासी हूँ। यह कि मैंने दिनांक 20/04/2016 को अंकित दुबे पिता अजय दुबे निवासी तिरूपत्ति पुरम सागर बालो से मौजा गढ़ाकोटा प.ह.नं. 30 बन्दोवस्त नं. 579 खसरा नं. 39/6 मे से रकवा 0.011 है. यानि 1250 वर्गफुट जगह क्रय की थी जोकि नगर पालिका सीमा के बाहर अनगरीय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत मगरधा में स्थित है। यह कि उक्त जगह की रजिस्ट्री / बैनामा उप.पंजीयक महोदय गढ़ाकोटा के समक्ष की गई है जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक MP33772016A1226928 है। यह कि उक्त रजिस्ट्री/ बैनामा की मूल प्रति मेरे घर निवासी ग्राम केंकरा थाना गढ़ाकोटा से कही गुम हो गई है। यह कि उक्त रजिस्ट्री/ बैनामा किसी भी शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक या अन्य संस्था में गिरवी नहीं रखी हुई है। यह कि उक्त रजिस्ट्री/ बैनामा की मूल प्रति बहुत तलाशने पर कही नहीं मिल रही है जिसकी सूचना श्रीमान् जी के समक्ष प्रस्तुत है।

स्थान - गढाकोटा
दिनांक 27/9/2025

आवेदक
अभिषेक पटैरिया

## खबर संक्षेप

### बहू ने सिर पर कर दिया पत्थर से प्रहार

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर में रहने वाली लक्ष्मी पत्नी नत्थू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 सितम्बर को शाम करीब 7 बजे उसकी बहू ज्योति पत्नी अरविन्द अहिरवार अपनी पुत्री को बिना कारण मारपीट कर रही थी। उसने बहू को मना किया तो बहू ने उसे गालियां देते हुये पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। आरोप है कि बहू ने उसे जान से मारने की कोशिश की। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पिकअप से महिला घायल, मामला दर्ज

**ललितपुर।** बीती आठ सितम्बर को उसके माता-पिता उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल जा रहे थे। नई तहसील के पास उसके पिता अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एम 4419 से पहुंचे ही थे कि तभी अंधी रफ्तार से भाग रही पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम गदौरा में रहने वाले जितेन्द्र पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ सितम्बर को सुबह करीब 11 बजे हुयी इस घटना में उसकी मां को सिर, चेहरे और शरीर में काफी चोटें आयीं, जिस कारण उन्हें जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज और फिर ग्वालियर में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़

**ललितपुर।** तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर ट्रेन में ही यात्रा कर रहे युवक पर गलत नीयत से छूने और छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। हरियाणा राज्य के सिरसा में रहने वाली 22 वर्षीय छात्रा ने जीआरपी ललितपुर को तहरीर दी है। बताया कि वह बीती 10 जुलाई 2025 को ट्रेन संख्या 125075 तेलंगाना एक्सप्रेस में थी। वह नई दिल्ली से काजीपेट के लिए यात्रा कर रही थी। छात्रा के अनुसार रात करीब 11.30 बजे यात्रा के दौरान भोपाल जंक्शन के पहले एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और उसे शारीरिक रूप से परेशान करने का प्रयास करने लगा। छात्रा ने जब उसे पीछे धकेल दिया तो उक्त युवक ने फिर से उसे छूने की कोशिश करते हुये शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। छात्रा अचानक से चिल्लायी और मदद मांगी। छात्रा ने बताया कि उसने रेलवे हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल की, जिस पर आरपीएफ पुलिस भोपाल उसकी सीट पर पहुंची, जहां उन्होंने एफआईआर के लिए उनके साथ आने को कहा। छात्रा के अनुसार आरपीएफ ने उक्त युवक का आधार कार्ड ले लिया, उक्त आधार कार्ड पर युवक का नाम हिमांचल प्रदेश अंतर्गत कांगड़ा के डोला खरियाना निवासी अजु कुमार पुत्र सुखदेव सिंह छीर दर्ज है। छात्रा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर काजीपेट जीआरपी थाने का सूचना स्थानान्तरित कर दी गयी

### टू लाइन सड़क न होने से वाहन चालक परेशान

**जाखलौन (ललितपुर)।** विगत कई वर्षो से धौर्रा सैपुरा मार्ग टू लाइन सड़क बनने की बाट लगाए हुऐ हैं किन्तु जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर अपना ध्यानाकर्षित नही कर रहे हैं जिससे धौर्रा मार्ग पर जाने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि ललितपुर से सैपुरा तक तो टू लाइन सड़क हैं इसके बाद सैपुरा से धोर्रा तक सिंगल सड़क हैं जिस सड़क पर वाहन चालकों को सामने से अन्य वाहन आ जाने पर साइड देने में बहुत भारी परेशानी होती है क्योंकि एक तो सिंगल सड़क है ऊपर से सड़क के दोनों तरफ पटरी भी नहीं है जिसके कारण अत्याधिक परेशानी होती है। उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी जनपद ललितपुर के ग्राम धौर्रा के ही मूल निवासी हैं।

---

#### महिला मंडल कार्यकारिणी का विस्तार, समाज उत्थान को लेकर रखे विचार

# बैठकों का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के लिए साझा मंच बनाना, महिला समाज को सशक्त करना: पटैरिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीहनुमान धारा मंदिर में ब्राह्मण महामंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष अशोक पटेरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।। सर्वप्रथम भगवान परशुरामजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके ब्राह्मण महामंडल महामंत्री परमानंद तिवारी, संगठन मंत्री महेंद्र रावत, समाजसेवी ब्रजेश चतुर्वेदी, श्यामाकांत चौबे लंबरदार, पत्रकार पवन संज्ञा ,वेद संस्कृत विद्यालय संचालक आचार्य कमलेश शास्त्री ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किया। श्री पटेरिया ने कहा कि बैठकों का उद्देश्य ब्राह्मण समाज के लिए एक साझा मंच बनाना और ब्राह्मण महिला समाज को सशक्त करना है।।ब्राह्मण हितों के लिए संपूर्ण ब्राह्मण समाज को एक मंच पर आना चाहिए । वहीं बैठक में महिला संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त किए गए । ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शक्ति पाठक ने जिले की महिला कार्यकारिणी का गठन किया। नवनियुक्त महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष ऋतु उपाध्याय,मोनिका शर्मा,रंजना शुक्ला,पूजा तिवारी, एवं महिला महामंत्री रीना दीक्षित, कोषाध्यक्ष मधु तिवारी, सह कोषाध्यक्ष रेणु शर्मा,निधि दुबे, मीडिया प्रभारी संगीता तिवारी,बबीता तिवारी, संगठन मंत्री आकांक्षा पुरोहित,नीलम तिवारी ,सांस्कृतिक मंत्री गीतीम तिवारी,आराधना तिवारी, प्रचार मंत्री आभा हुंडेत जिला संयोजक सोनम रावत , सदस्य ऊषा बिदुआ,डोली अग्निहोत्री,आरती तिवारी उमा शर्मा को सर्वसम्मिति से नियुक्ति पत्र दिया गया। ब्राह्मण महिलाओं को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिए गए । इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में महामंत्री परमानंद तिवारी, ब्रजेश चतुर्वेदी , पवन संज्ञा, आचार्य कमलेश शास्त्री ने ब्राह्मण समाज के उत्थान पर अपने अपने विचार रखे । ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शक्ति पाठक ने कहा महिलाओं का समाज में सम्मान सर्वप्रथम रहेगा। सामाजिक संगठन में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, एक जिम्मेदारी के रूप में काम करना पड़ता है। समाज की सभी महिलाओं को संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे संगठन मजबूत होना आवश्यक है।संगठन की गतिविधियों में जरूरी सुधार करके महिला सुरक्षा, सनातन बाल संस्कार को लेकर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज से संगीता तिवारी, नीलम तिवारी,ममता तिवारी पूर्व पार्षद, राधिका, मोनिका शर्मा, गरिमा तिवारी, ऋतु रिछारिया, रंजना, मधु तिवारी सहित ब्राह्मण विप्र समाज से ब्रजमोहन शर्मा,मदनमोहन शर्मा,रमाकांत तिवारी ,ब्रजेश बबेले,अमित तिवारी,शिक्षक अनिल त्रिपाठी,संजय पाठक, मनीष तिवारी,पत्रकारअरविंद संज्ञा, रजत गिरी गोस्वामी,प्रमोद बबेले, वेद प्रकाश लिटोरिया,प्रदीप त्रिपाठी ,राज पाठक, इ अंकित पटेरिया,राममूर्ति तिवारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में महामंत्री परमानंद तिवारी एवं संगठन मंत्री महेंद्र रावत ने समस्त विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया।

### अखंड ब्राह्मण महासभा का सम्मान समारोह संपन्न

ललितपुर । श्री तुवन सरकार प्रांगण मे एक दिवसीय बैठक का आयोजन हुआ । जिसमे सर्व प्रथम भगवान श्री परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया । तत्पश्चात सभी विप्र बंधुओ को तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया! बैठक मे पंडित मंजुल पुरोहित जी की सहमति से एवं जिला अध्यक्ष ललितपुर पं सुरेंद्र तिवारी जिलाध्यक्ष सौरभ कौशिक जिला कोषाध्यक्ष, पं सौरभ कौशिक, नगर अध्यक्ष पं हरेन्द्र रिछारिया को मीडिया प्रभारी, महिला संगठन से रितु शर्मा को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर महरोनी ब्लॉक अध्यक्ष पं राजीव शुक्ला जी एवं समस्त ब्लॉक समिति का गठन किया गया, जिला कमेटी ने जिलाध्यक्ष का सम्मान किया गया मण्डल प्रभारी पं सुनील पुरोहित ने कहा कि यह मनोनयन ललितपुर जिले में अखण्ड ब्राह्मण महासभा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिले में ब्राह्मण समाज के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए विभिन्न गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर जिला, नगर, ब्लॉक स्तर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें!

---

#### भागने की कोशिश कर रहा था

## मजदूर की हत्या के आरोपी को दबोचा, मुठभेड़ में घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विगत दिनों हुयी मजदूर हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को ललितपुर पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू सेन पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश कर रहा था। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घटना शनिवार रात की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर कोतवाली सदर पुलिस और स्वाट टीम गश्त कर रही थी। रात करीब 3 बजे हवाई पट्टी के पास टीम को सूचना मिली कि आरोपी स्कूटी से भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। दरअसल घटना बीती 3 सितंबर की है। नेहरू नगर बी केबिन निवासी 30 वर्षीय अनिल रायकवार सुबह 8 बजे मजदूरी के लिए घर से निकला था। वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन परिजनों ने उसे फोन लगाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस चौकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन की। अगले दिन 4 सितंबर की शाम को पीताम्बरा ग्रेनाइट खदान के पास बुढ़वार मार्ग पर अनिल का शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। एसपी ने हत्या का खुलासा करने के लिए स्वाट टीम समेत चार टीमें लगाई थीं। आरोपी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### कलेक्टर के संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल रूप से चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराये और दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो उनके परिजनों का तत्काल रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने सभी एसडीएम एवं एसडीओ पुलिस तथा तहसीलदार और थाना प्रभारियों को इस आशय के निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल निकटतम चिकित्सा सेवा केन्द्र में चिकितसा सहायता उपलब्ध कराये ताकि व्यक्ति को बचाया जा सकें। दुर्घटना में अगर व्यक्ति मृत हो जाता है तो मानवीय आधार पर उनके परिजनों को शासन की और से तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाये। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस निर्देश दिये।

---

#### मसौराखुर्द में हुई घटना, टीजी-2 की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

## राजस्व वसूली करने गई विद्युत विभाग की टीम पर फावड़े से किया गया हमला

**ललितपुर।** राजस्व वसूली करने गयी विद्युत विभाग की टीम पर फाबड़े से जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर विद्युत विभाग कर्मचारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केबी बाईपास पर तैनात टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विभागीय आलाधिकारियों के आदेश पर वह शनिवार को राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द गये हुये थे। उपकेन्द्र से पोषित 11 निवाई फीडर के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द में वह संविदा कर्मी धर्मेंद्र व रामकुमार के साथ पहुंचे। गांव में दिनेश की चक्की के पास जब टीम पहुंची और वहां रहने वाली रविया बानो पत्नी रशीद से घर के विद्युत संयोजन का बकाया जमा करने की बात कही, तो उपभोक्ता ने बकाया बिल जमा करने से मना कर दिया। बकाया जमा न करने की दशा में जब लाइनमैन धर्मेंद्र विद्युत पोल पर संयोजन काटने के लिए चढ़े तो उसी दौरान निशाद पुत्र रशीद फाबड़ा लेकर अपनी छत से गालियां देते हुये धर्मेंद्र को मारने के लिए दौड़े और न तो बकाया जमा किया और न ही संयोजन काटने दिया। मौके पर वह अपने संविदा कर्मियों के साथ किसी प्रकार जान बचाकर भागे। टी.जी.-2 ने बताया कि निशाद पुत्र रशीद ने राजस्व वसूली, सरकारी कार्य में बाधा डाली और सरकारी कार्य में तैनात संविदा कर्मियों के साथ गालियां देते हुये मारने का प्रयास किया गया। टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा की तहरीर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

#### आयोजन रेलवे स्टेशन पर किया गया

## रेल कर्मियों के बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रविवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्टेशन पर किया गया। इस दौरान बच्चों ने विषयांतर्गत निबंध का लेखन किया। निबंध लेखन के साथ बच्चों के बौद्धिक विकास की भी परख की गयी। मौके पर मौजूद स्टेशन मास्टर डी.के.चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और ऐसी सम-सामायिक प्रतियोगिताएं आवश्यक है, जिससे बच्चों का सर्वागींण विकास होता है। बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए खेल और जीवन में आगे बढने के लिए शिक्षा का काफी महत्व है। बताया गया कि उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन मंडल झांसी द्वारा ललितपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए रविवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और निबंध लेखन किया। मौके पर प्रतिभागी बच्चों के तीन ग्रुप उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने संबंधित विषयों पर निबंध लेखन किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों के अभिभावक स्टेशन मास्टर डी.के.चतुर्वेदी, कमर्शियल इंस्पेक्टर संजय चौबे, सर्वेस दीक्षित, नितिन शर्मा, नवेंदु अग्निहोत्री, जगदीश प्रसाद, सचिन यादव आदि रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोजन के उपरांत उपस्थित बच्चों को जलपान व उपहार देकर प्रोत्साहित किया।

---

#### आश्रम में पहुंच कर वृद्धाजनों को मिष्ठान व वस्त्र वितरण किया

## पुण्यतिथि पर पं.आत्माराम व कमलादेवी को याद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले के समाजसेवी रहे कीर्तिशेष पं.श्रीआत्माराम गोस्वामी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व.श्रीमती कमलादेवी गोस्वामी की पुण्यतिथि पर रविवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा की गयी। परिजनों में एम.ए.सी.टी. न्यायालय के जिला न्यायाधीश के पी.ए. पं.विनोद गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों में महिलाओं को साड़ी और पुरुषों को शॉल का वितरण किया। इसके अलावा मिष्ठान वितरण भी किया गया। वस्त्र पाकर वृद्धाजनों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट झलक रही थी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिले में तत्समय के उद्योगपतियों और व्यापारियों का पूरा हिसाब-किताब रखते हुये समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे पं.आत्माराम गोस्वामी ने कई अच्छे कार्य किये, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसके अलावा उनकी धर्मपत्नी रहीं श्रीमती कमलादेवी ने एक कुशल ग्रहणी बनकर हर कदम पर उनका साथ दिया। वस्त्र व मिष्ठान वितरण के दौरान विनोद गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद गोस्वामी, आशीष गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर, अभिषेक गोस्वामी, अन्नपूर्णा गोस्वामी, प्रशान्त गोस्वामी, नम्रता गोस्वामी, दीपक राठौर, जितेंद्र राठौर पार्षद, मोनू रैकवार, अमित पंथ, अभिषेक राठौर, शुभम देवलिया, त्रिदेव दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

#### यूटा टीम ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## सर्वोच्च न्यायालय से आरटीई में संशोधन पर पुर्नविचार का आह्वान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संशोधित अधिनियम पारित करने तथा सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की मांग को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) जिलाध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राज्यमंत्री मनोहर लाल के जरिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में आर.टी.ई के संशोधन अधिनियम 2017 में 31 मार्च 2015 को नियुक्त या कार्यरत सभी शिक्षक जिनके पास आर.टी.ई एक्ट की धारा 23 (1) के अनुसार न्यूनतम अहार्यता नहीं है को 4 वर्ष के अंदर योग्यता प्राप्त कर लेने हेतु निर्देशित किया गया। जबकि आरटीई एक्ट की धारा 23 (1)के अनुसार 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त के परिपेक्ष में यह स्पष्ट है कि 23 अगस्त 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा गया है। जबकि उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के आदेश में समस्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण किए जाने के आदेश दिए गए हैं तथा दो वर्ष में टीईटी उत्तीर्ण ना करने पर सेवा समाप्ति की भी बात की गई है, जो सर्वथा अनुचित है।

इससे 30 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके परिवार के भविष्य पर खतरा पैदा हो रहा है और उनकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में कैसे वह अपना पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन करा पाएंगे। यूटा ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की मांग उठायी। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, महामंत्री प्रमोद तिवारी, कोषाध्यक्ष अंशु नामदेव, नवीन कुमार सिंह, संजीव गुप्ता, विजय कुमार, राजू यादव, दिनेश कुमार, मयंक श्रीवास, विनोद अहिरवार, गीता दोहरे, पुष्पेंद्र दोहरे, कल्याण सिंह, राजेंद्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, रोहित घनघोरिया, अश्विनी झां, अमित श्रीवास्तव, सुशांत सिंह, उर्मिला राठौर, गीता साहू, अर्चना गोस्वामी, कल्पना गुप्ता, पूनमसिंह, प्रमोद कुमारी, चित्रा तिवारी, अर्चना जायसवाल, गरिमा कुशवाहा, प्रीति श्रीवास्तव, रेनू राठौर, श्वेता मलैया, मन्जू राठौर, प्रियंका वर्मा, प्रीति तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, कंचनप्रभा, प्रतिभा राठौर, कीर्ति चौरसिया, जितेन्द्र प्रजापति, पुष्पेंद्र बुंदेला, अमित गुप्ता, पीयूष, दीपांकर, भीम कुमार, संजीव लोहिया, धर्मेन्द्र जैन, विवेक तिवारी, वेदप्रकाश, मयंक श्रीवास्तव, अंकित कुशवाहा, श्रीराम, विक्रम सिंह, ज्ञानसिंह, अतुल मिश्रा, गिरिधारी, दानिश अंसारी, अभिषेक, कल्याण सिंह, डालचन्द्र, अरुन राठौर, हर्ष कौशिक, सुनील कुमार, रामकुमार, संजय गौतम, पूर्णेन्द्र सिंह, नितिल कुमार, संदीप कुमार, अखिलेश साहू, विवेक जायसवाल, प्रवीण कुमार, प्रदीप श्रीवास, शुभम रजक आदि मौजूद रहे।

---

## ज्ञान, कौशल और नवाचार का संगम: श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय में अटल एफडीपी कार्यक्रम हुआ संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 8 से 13 सितंबर तक आयोजित छह दिवसीय अटल प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामका भव्य समापन कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के सशक्त मार्गदर्शन में हुआ। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन एआईसीटीई, नई दिल्ली की अटल एफडीपी योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ तथा मध्यप्रदेश में केवल श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय, सीहोर की स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट इकाई का चयन इस कार्यक्रम के लिए किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में ज्ञान, नवाचार और अकादमिक उत्कृष्टता का जीवंत मंच सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों ने होटल मैनेजमेंट और टूरिज्म सेक्टर की आधुनिक तकनीकों और वैश्विक परिप्रेक्ष्य से जुड़ी जानकारी का गहन अध्ययन किया। इस पहल ने न केवल शिक्षकों की गुणवत्ता और क्षमता संवर्धन की दिशा में सार्थक योगदान दिया, बल्कि शैक्षणिक जगत को नई सोच और दृष्टि भी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस एक ऑनलाइन क्विज़ टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता में होटल मैनेजमेंट के समन्वयक डॉ. शाहब अहमद, सह-समन्वयक देवेंद्र प्रताप और रिसर्च एंड डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. मोहित गंगवार की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। गरिमामयी उपस्थिति से कुल सचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, विभिन्न विभागों के प्राचार्य, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन देश दीपक ने किया, जबकि आभार ज्ञापन देवेंद्र प्रताप द्वारा व्यक्त किया गया।

### 180 किसानों को होने थे कूपन वितरण, लेने पहुंच गए 1000, खाद वितरण केंद्र बंद

# विजयपुर में किसानों ने खाद के लिए की पत्थर बाजी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

खाद की समस्या दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। किसान खाद के लिए मारामारी पर उतर आए हैं। इसकी बानगी सोमवार को विजयपुर के खाद वितरण केंद्र पर देखने को मिली जहां खाद लेने पहुंचे किसानों ने खाद नहीं मिलने से नाराज़ होकर वितरण केंद्र पर पत्थरबाजी कर दी। किसानों के इस हमले से अधिकारियों कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने ओर खाद को लूट जैसी घटना से बचाने के उद्देश्य से पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा और खाद वितरण केंद्र बंद कर दिया गया।

शनिवार और रविवार का अवकाश होने के बाद सोमवार को ग्राम अंधुपुरा स्थित विजयपुर के किसान वितरण केंद्र पर खाद लेने पहुंचे तो वहां किसानों की अधिक भीड़ एकत्रित हो गई। गोदाम में सिर्फ 180 किसानों को वितरण करने के लिए खाद मौजूद था लेकिन मौके पर करीब एक हजार किसानों के पहुंचने से हंगामा हो गया। खाद वितरण केंद्र प्रबंधन ने पुलिस को व्यवस्था के लिए बुला लिया मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को लाइन लगाने का भरसक प्रयास किया लेकिन हर किसान लाइन में आगे लगने के लिए झगड़ने को आमादा हो गया। किसानों को पता था कि जो खाद गोदाम में मौजूद था वह सभी किसानों को वितरण के लिए अपर्याप्त है। बस यही सोच कर लाइन में आगे लगने के लिए मारामारी होने लगी कुछ लोग वितरण केंद्र की खिड़की पर चढ़ गए इस दौरान पुलिस ने किसानों को सख्ती से समझाने का प्रयास किया इससे स्थिति और बिगड़ गई। कुछ किसान भागते नजर आए लेकिन बाद में किसानों ने वितरण केंद्र पर पत्थर बरसा दिए, जिससे खाद वितरण करने वाले कर्मचारियों के गोदाम के शटर डाउन कर दिए ओर वितरण से इंकार कर दिया। मौके पर पहुंची तहसीलदार अमिता सिंह तोमर ने किसानों को आश्वस्त किया कि जब भी खाद वितरण होगा सभी को मिलेगा इसके लिए ओर खाद मंगाई जा रही है। इसके बाद किसान शांत हुए और अपने अपने गांव लौट गए।



### ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा खाद वितरण

इस समय किसानों को खाद की अधिक आवश्यकता है। किसान कुलवंत सिंह ने बताया कि खेतों में खड़ी धान की फसल को अभी खाद नहीं मिलेगी तो उसकी ग्रोथ रुक जाएगी और फसल उत्पादन पर विपरीत असर पड़ना तय है। किसानों को मांग अनुसार 10 कट्टे यूरिया खाद के जरूरी है लेकिन विजयपुर में एक किसान को सिर्फ चार कट्टे खाद ही दिया जा रहा हैं। वह भी पर्याप्त नहीं है। सोमवार गोदाम में करीब 5 हजार कट्टे खाद के मौजूद थे और खाद लेने के लिए 1200 से अधिक किसान पहुंच गए जो खाद गोदाम में मौजूद था वह किसानों की संख्या मान से ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा था।

### खाद वितरण के लिए अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले में किसानों को खाद वितरण सुगमतापूर्वक किये जाने के उद्देश्य से खाद वितरण केन्द्रों के लिए अधिकारी नियुक्त किये गये है। जारी आदेश के अनुसार खाद वितरण केन्द्र कृषि उपज मंडी बडौदा के लिए एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, विपणन सहकारी संस्था कराहल के लिए एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर के लिए एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, किसान राइस मिल श्योपुर के लिए तहसीलदार मनीषा मिश्रा तथा विपणन सहकार संस्था वीरपुर के लिए तहसीलदार वीरपुर नरेश रायपुरिया को दायित्व सौपा गया है। यह अधिकारी स्वयं की निगरानी में किसानों को खाद वितरण कराने का कार्य करेंगे।

### इनका कहना...

खाद वितरण केंद्र पर किसानों को कूपन वितरण के लिए लाइन में लगाया जा रहा था इस दौरान किसानों ने अव्यवस्थित होकर हंगामा कर दिया जिसके कारण खाद वितरण रोका गया है। कलेक्टर अर्पित वर्मा को अवगत करा दिया है, उन्होंने बताया है कि खाद पर्याप्त मात्रा विजयपुर भेजा जा रहा है। किसी किसान को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी।

**अभिषेक मिश्रा,**
**एसडीएम विजयपुर**

### पांच दिन पहले हुई थी भगवान मिनेष मंदिर की दानपेटी से चोरी

# खुलासाः मंदिर की दानपेटी से चोरी करने वाला चोर पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दांतरदा-सामरसा के बीच स्थित खेडापति हनुमान मंदिर परिसर में मौजूद भगवान मिनेष मंदिर की दानपेटी तोडकर चोरी करने संबंधी मामले का पांच दिन के भीतर मानपुर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोर और कोई नहीं,बल्कि सामरसा गांव का लोकेश मीणा निकला। जिसे पुलिस ने अरेस्ट करने के साथही उसके कब्जे से दानपेटी से चुराई गई राशि भी जब्त कर ली है।

मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि 9-10 सितंबर की दरमियानी रात को खेडापति हनुमान मंदिर परिसर में मौजूद भगवान मिनेष मंदिर में लगी दानपेटी को तोडकर चोरी करने की वारदात घटित हो गई। इस मामले में अज्ञात आरोपी पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोर को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की गई। मुखबिर तंत्र के जरिए चोर का पता लगाकर उसे पकड लिया। पकडे गए चोर लोकेश मीणा पुत्र बद्रीलाल मीणा निवासी सामरसा ने पूछताछ के दौरान सब्बल से दानपेटी को तोडकर उसके अंदर से रूपए चोरी करने की बात स्वीकार कर ली है। चोरी के इस खुलासे में मानपुर टीआई पीएस यादव समेत,उनि रवि सिंह कुशवाह, प्रआ गौरव शर्मा,विजेन्द्र तोमर, आरक्षक रामरूप, रणधीर, शिव कुमार की सराहनीय भूमिका रही है।



### अपने शौक पर उड़ा दिए 5 हजार

टीआई मानपुर पीएस यादव ने बताया कि आरोपी लोकेश मीणा गांजा पीने का शौकीन है। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि दानपेटी से चुराई राशि में से उसने करीब 5 हजार रूपए की राशि अपने शौक पर उडा दी है। इसके बाद वह दानपेटी में निकले रूपयों को चैज करने के लिए सवाईमाधोपुर भी पहुंच गया,ताकि दानपेटी से निकले रूपए कोई स्थानीय व्यक्ति न पहचान लें। आरोपी के कब्जे से 8 हजार 450 रूपए की राशि जब्त कर ली है और उसे जेल भेज दिया है।

# रविवार को सीप नदी तट पर होगा सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्री भागवत सेवा संस्थान श्योपुर के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पितृ कार्य अमावस्या पर सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस साल 21 सितंबर रविवार को सुबह 7 बजे से आरंभ होने वाला एक दिवयीय पितृ तर्पण कार्यक्रम सीप नदी तट पर आयोजित किया जाएगा।

आचार्य पं राधा रमन शास्त्री कुहांजापुर वाले ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय सामूहिक पितृ तर्पण कार्यक्रम 21 सितंबर को श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के पास सीप नदी के तट पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें 10 विद स्नान, देव तर्पण, ऋषि तर्पण, पितृ तर्पण कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाएगा। सामूहिक तर्पण कार्यक्रम में आचार्य पं चंद्र प्रकाश शास्त्री सांई वाले वाले विधि विधान से तर्पण कार्य को संपन्न कराएंगे। इस कार्यक्रम में वे लोग शामिल हो सकते है,जो अपने पितरो के निमित्त 16 दिनों तक तर्पण आदि नहीं कर पाते है। यही नहीं, जिन्हें अपने पितरो की तिथि याद नहीं हो या जिनकी अकाल मृत्यु हुई हो वो लोग भी अमावश्या पर होने वाले इस तर्पण कार्यक्रम में शामिल होकर जल तर्पण आदि कर के अपने पितरो को संतुष्ट कर सकते है।



# कर्मचारियों को मिला कांग्रेस का साथ, नपाध्यक्ष ने दिया 10 दिन में वेतन दिलाने का आश्वासन

**एक घंटे से अधिक समय तक दिया धरना, अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नपा कर्मचारियों ने सोमवार को वेतन दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ पहुंचकर नपा कार्यालय के भीतर धरना शुरू कर दिया। बाद में पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग के 10 दिवस में वेतन दिलाने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

सफाई कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय धूलिया ने बताया कि विगत 3 साल से नगर पालिका ने कभी संविदा और स्थाई कर्मचारियों को भी हर माह वेतन वितरण नहीं किया। इस समस्या को दूर करने के लिए कर्मचारी गाहे बगाहे आवाज उठाते ही रहते हैं लेकिन उनकी यह आवाज नक्कारखाने में तूती की तरह दब कर रह जाती रही है। सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने नपा कर्मियों के साथ नगर पालिका पहुंचकर हंगामा कर दिया और वेतन के लिए धरना देकर बैठ गए। एक घंटे तक चले धरने के बाद मौके पर पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कर्मचारियों को 10 दिन के भीतर वेतन देने का आश्वासन दिया जिसके बाद कर्मचारी कर्मचारियों ने धरना समाप्त किया लेकिन 10 दिन के भीतर वेतन नहीं मिलने पर शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर देने की चेतावनी भी दी गई है।



### बहुत तीखे रहे अध्यक्ष प्रतिनिधि से कांग्रेस के सवाल जवाब

मांगीलाल फौजीः कर्मचारियों का वेतन रोकने अमानवीय है साथ ही यह अनुसूचित जाति, जनजाति उत्पीड़न की श्रेणी में भी आता है।

सुजीत गर्गः वेतन की व्यवस्था कर रहे हैं, डेढ़ करोड़ रूपया बंटना है, चुंगी क्षतिपूर्ति भी आधी आ रही है।

दौलतराम गुप्ताः चुंगी क्षतिपूर्ति 75 लाख रुपए हर माह आती है जिसमें आधी बिजली बिल में जमा हो रही कट नहीं रही, कर्मचारियों को संचय निधि से वेतन दिया जाए मैने भी दिया था।

सुजीत गर्गः नपा की आय सीमित हो गई है और खर्च बढ़ गए हैं इसलिए यह समस्या आई है।

पार्षद सुमेर : भाजपा नेताओं के फोटो खींचने वालों को नगर पालिका कर्मचारी बताकर वेतन दिया जा रहा है अनावश्यक काम में पैसा खर्च हो रहा है।

दौलतराम गुप्ताः मेरे समय जो डीजल का खर्चा हर माह ढाई लाख था वह बढ़कर सात आठ लाख रुपये हो गया है भाजपा नेताओं की गाडियों में नगर पालिका से डीजल भरवाया जा रहा है वेतन की समस्या तो आएगी ही।

विजय धूलियाः हम सीएमओ से वेतन मांगते हैं तो वह हमें नौकरी हटा देता है और झूठी एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देता है।

दौलतराम गुप्ताः हिंदुओं का मुख्य त्योहार दीपावली दशहरा आने वाला है नवरात्र से पहले वेतन मिल जाना चाहिए अगर वेतन नहीं मिला तो मैं और पूरी कांग्रेस कर्मचारियों के साथ रोड पर बैठकर धरना देंगे सफाई व्यवस्था ठप कर देंगे।




### भारतीय किसान संघ के बैनर तले लामबंद हुए किसानों ने घेरी कलेक्ट्रेट,सौंपा ज्ञापन

श्योपुर। विभिन्न समस्याओ को लेकर जिले के किसानों ने सोमवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले लामबंद होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम अलग अलग ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपकर किसानों की समस्याओं का समाधार करवाए जाने की मांग जोरदारी से उठाई।इसके बाद बिजली कंपनी के महाप्रबंधक और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से मिलकर बिजली और नहर संबंधी परेशानी बताते हुए उनका समाधान जल्द कराए जाने की आवश्यकता जताई। किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी की अगुवाई में सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फसल बीमा में पारदर्शिता, कृषि मंडियों में आधुनिक मानक परीक्षण डॉकेज टेस्टिंग के साथ संपूर्ण सुविधा होनी चाहिए,इसके साथही पर्याप्त खाद की उपलब्धता, अतिवृष्टि से नष्ट फसलों का मुआवजा, तार फेंसिंग पर अनुदान, मूंझरी डैम और चेटीखेडा डैम, 35 गांव के नहर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करते हुए उनका लाभ क्षेत्र के किसानों के दिए जाने, टूटी हुई नहर की तत्काल मरम्मत कराने, निर्धारित समय तक पूरे वोल्टेज के साथ बिजली किसानों को दिए जाने, खेत रोड सड़क लागू किए जाने, बैंकों से लोन और केसीसी को ऑनलाइन किए जाने, मुद्रा लोन की तरह किसान कृषि लोन दिए जाने जैसी मांगो को भी जल्द पूरा किया जाए।

### घर से पति-पत्नी बेच रहे थे शराब,पुलिस ने पकड़ा

श्योपुर। कराहल थाना पुलिस ने सोमवार को अचार वाला सहराने में दबिश देकर एक पति पत्नी को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एएसआई पवन शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दी गई दबिश के दौरान रोहित खटीक और उसकी पत्नी श्यामबंती बाई को उस समय पकडा है,जब यह चोरी छिपे अपने घर से कच्ची शराब बेच रहे थे,इनके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है।



### स्वास्थ्य टीम के हटने के बाद किसी ने नहीं ली इस आदिवासी बस्ती की सुध

# कराहल के उगना सहराने में फिर हुई 4 साल की आदिवासी बालिका की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कराहल कस्बे के उगना सहराने को एक बार फिर से बीमारियों ने घेर लिया है। यहां रात को एक 4 साल की आदिवासी बालिका की बीमारी के कारण मौत हो गई। आदिवासी बालिका की मौत की खबर मिलने के बाद सोमवार सुबह बीएमओ कराहल डॉ सौरभ सिंह कुशवाह उगना सहराना पहुंचे। बीएमओ डॉ कुशवाह ने बालिका प्रज्ञा पुत्री दिनेश आदिवासी की मौत होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बालिका की मौत उल्टी दस्त से नहीं,बल्कि सांस संबंधी परेशानी के कारण हुई है। परिवार के लोग बालिका को इलाज के लिए कराहल अस्पताल लेकर नहीं आए और तीन चार दिन से उसका प्रायवेट इलाज कराते रहे।

बता दें कि पिछले जुलाई अगस्त माह में कराहल का यह उगना आदिवासी सहराना बीमारी से तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत होने से जिला मुख्यालय से लेकर भोपाल तक चर्चित हो गया था। उस समय इस सहराने में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के साथ साथ स्वयं कलेक्टर अर्पित वर्मा भी पहुंचे थे और लापरवाही मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई का डंडा भी चला था। इसके बाद महीनेभर तक स्वास्थ्य विभाग की टीम यहां तैनात रही। जिसके बाद हालातों में सुधार हुआ। लेकिन स्वास्थ्य टीम के हटने के बाद फिर से कोई स्वास्थ्य अधिकारी या स्वास्थ्य टीम में शामिल स्वास्थ्यकर्मी किसी की सुध लेने के लिए दोबारा नहीं पहुंचे। जिसकारण इस आदिवासी बस्ती में एक बार फिर से बीमारी फेल गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रज्ञा आदिवासी 4 वर्ष की मौत उल्टी दस्त और तेज सांस चलने के कारण हुई है। बताया गया है कि रात्रि के दौरान बालिका प्रज्ञा की तबीयत अधिक खराब होने पर परिजन उसे एक प्रायवेट डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए,जहां प्रज्ञा ने दर्द से चिल्लाते हुए दम तोड दिया।

### सोमवार को पहुंचे बीएमओ,मिला एक कुपोषित बच्चा

बालिका प्रज्ञा आदिवासी की मौत होने की खबर मिलने पर सोमवार को बीएमओ डॉ सौरभ सिंह कुशवाह स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होने मृत बालिका के परिजनों से चर्चा करते हुए बालिका की मौत के संबंध में जानकारी ली। इसके साथही उन्हें कुछ लोग मौसमी बीमारियों से ग्रसित पाए गए,जिन्हें इलाज की उपलब्ध कराई और कुछ बीमारों को कराहल अस्पताल में भर्ती कराने के लिए भिजवाया। यहां उन्हें एक कुपोषित बच्चा भी मिला है। जिसे देखकर बीएमओ ने उसे एनआरसी में भर्ती कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है।

### इनका कहना..

बालिका की मौत उल्टी दस्त से नहीं बल्कि सांस लेने में दिक्कत के चलते हुई है। परिजनों ने एक बार भी बालिका को कराहल अस्पताल लाकर हमे नहीं दिखाया,वे अपने स्तर से ही प्रायवेट इलाज कराते रहे है।

**डॉ सौरभ सिंह कुशवाह**
**बीएमओ,कराहल**

### 66 हजार 754 विद्यार्थियों को गणवेश की 4 करोड़ से अधिक राशि जारी

# समग्र आइडी और बैंक लिंक में लापरवाही 4705 छात्र-छात्राएं गणवेश राशि से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गणवेश खरीदने के लिए भले ही स्कूली छात्र-छात्राओं के खाते में शासन की ओर से राशि डाल दी गई है। लेकिन जिले के करीब 4 हजार 705 छात्र छात्राएं के बैंक खातों में अभी तक गणवेश खरीदने के लिए शासकीय अनुदान राशि नहीं पहुंच सकी है। इसकी बड़ी वजह समग्र आइडी व खातों की जानकारी का समय रहते अपडेट नहीं होना बताई गई है। जिनकी वजह से छात्र योजना से वंचित रह गए। दरअसल गणवेश को लेकर राशि खातों में सीधे ट्रांसफर की जाती है, परंतु इस बार जिमेदारों ने समय रहते समग्र आइडी में त्रुटि, बैंक खाते या खातों से आधार लिंक न होने जैसे तकनीकी कारणों के चलते 4 हजार से अधिक विद्यार्थियों को राशि नहीं मिल पाई। हालांकि विभाग जानकारी अपडेट कर दूसरे चरण में राशि जारी होने की बात कह रहा है।

यहां बताना होगा कि पिछले दिनों राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के स्टूडेंट को भी सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि जारी की थी। जिसमें 66 हजार 754 विद्यार्थियों को गणवेश के लिए 4 करोड़ 52 हजार 400 रुपए की राशि जारी हुई थी। जिले में कुल 83 हजार 420 स्टूडेंट हैं, जिन्हें दो जोड़ गणवेश को लेकर राशि मिलना है। इनमें से 81 हजार 924 विद्यार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है। लेकिन फिलहाल 66 हजार 754 विद्यार्थियों के खातो में ही 600 रूपए के हिसाब से गणवेश खरीदने के लिए राशि पहुंच पाई है।




### सालभर का समय, लेकिन अपडेट नहीं कर सके

इस प्रकार की जानकारी को अपडेट और पूर्ण करने के लिए स्कूलों के पास सालभर का वक्त रहता है, लेकिन इसके बावजूद स्कूलों से सही जानकारी समय पर अपडेट नहीं की। जबकि डाटा अपडेट से लेकर समग्र आइडी को लेकर शिक्षा विभाग लगातार स्कूलों को निर्देश देता है। हालांकि इसमें अभिभावकों ने ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई और समग्र सहित अन्य दस्तावेज अपडेट नहीं करवाए।

### दूसरे चरण में सभी को राशि जारी करेंगे

शिक्षा विभाग के जिम्मेदार दलील दे रहे है कि जिले के सभी पात्र बच्चों को गणवेश खरीदने के लिए लेकर राशि दी जाना है। डाटा अपडेट करने के बाद दूसरे चरण में सभी के खातों में राशि जारी होगी। यही नहीं, जिन छात्र छात्राओं के खातो में कोई त्रुटि रह गई है,उसे भी दूर किया जा रहा है।

### इन बच्चों के खातो में नहीं पहुंची गणवेश राशि

| ब्लॉक | विद्यार्थी |
|---|---|
| कराहल | 809 |
| श्योपुर | 1787 |
| विजयपुर | 2109 |
| कुल | 4705 |

### इनका कहना

समग्र आइडी और अकाउंट नंबर सहित अन्य डाटा अपडेट नहीं होने के चलते स्टूडेंट के खातों में राशि नहीं आई है। डाटा अपडेट करवाया जा रहा है। सभी को गणवेश को लेकर राशि दी जाना है। अगले चरण में शेष स्टूडेंट के खातों में राशि ट्रांसफर होगी। इसको लेकर जल्द राज्य स्तर से दिशा निर्देश प्राप्त होंगे।

**भूपेन्द्र कुमार शर्मा**
**डीपीसी,श्योपुर**

# बंदियों को दिया एक दिवसीय पेपर मेसी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में प्राचीन एवं लोक कला मॉडना का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, इसी क्रम में आज जिला जेल श्योपुर में बंदियों को मॉडना आर्ट की आटिस्ट वंदना शिवहरे एवं उनकी सहयोगी अवनी राहुरिकर एवं प्रिंसी जाटव द्वारा एक दिवसीय पेपर मेसी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार तथा अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### टैंक में गिरे बैल को सुरक्षित बाहर निकाला

**बीना।** मकान के टैंक में गिरे एक बैल को गो सेवकों के द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल कर उपचार किया। गौ सेवा दल बीना सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिली थी बीना विट्ठल धाम कॉलोनी के पास एक बैल एक मकान के टैंक में गिर गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर गौ सेवा दल के द्वारा बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया एवं उपचार किया गया। इस दौरान गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, लोकेश परिहार, अनुराग जैन, हन्नू राजपूत आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### ढाड में 13 साल की छात्रा की मौत, जांच जारी

**शिवपुरी।** जिले के करैरा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम ढांड में एक दुखद घटना सामने आई। सोमवार सुबह 9 बजे एक 13 वर्षीय छात्रा मनीषा कुशवाहा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मनीषा घर में अकेली थी। उसकी मां खेत पर गई थी। पिता फेरन कुशवाहा किसी काम से दिनारा गए हुए थे। मनीषा कक्षा 9वीं की छात्रा थी। दिनारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा तैयार किया। पुलिस अभी आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### नेत्र शिविर का आयोजन

**अशोकनगर।** रविवार को रोटरी भवन पर रोटरी क्लब के तत्वाधान में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय, लटेरी के सहयोग से शिविर लगाया गया। जिसमें 101 ओपीडी एवं 45 मरीजों के लिए ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया।

## लोगों ने पेट्रोल पंपो की नियमित जांच करने की मांग उठाई

# इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से पुरानी बाइकों के इंजन हो रहे खराब, बढ़ रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

शिवपुरी जिले के करैरा और दिनारा जैसे ग्रामीण इलाकों में इथेनॉल युक्त पेट्रोल के उपयोग से मोटरसाइकिलों के इंजन खराब होने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। स्थानीय बाइक मिस्त्रियों का कहना है कि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) पुरानी बाइकों के इंजन में जंग का प्रमुख कारण बन रहा है, जिससे इंजन की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है। खासकर 2022 से पहले की बाइकें, जो कम इथेनॉल ब्लेंड के लिए डिजाइन की गई थीं, अब ई-20 के कारण समस्याओं का सामना कर रही हैं। मिस्त्री जावेद पठान ने बताया कि पिछले तीन महीनों में 50 से अधिक पुरानी बाइकों में जंग और फ्यूल सिस्टम की खराबी देखी गई। यह समस्या उन वाहनों में ज्यादा है, जो लंबे समय तक खड़े रहते हैं, क्योंकि इथेनॉल नमी सोख लेता है, जिससे टैंक और इंजन के मुख्य हिस्सों में जंग लग जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां मोटरसाइकिल मध्यम वर्गीय परिवारों की आजीविका का आधार है, यह इंजन क्षति मरम्मत का खर्च बढ़ा रही है और दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है। मिस्त्रियों का कहना है कि शुद्ध पेट्रोल में ऐसी समस्याएं कम थीं, लेकिन ई-20 के कारण इंजन स्टार्टिंग में दिक्कत, रफ इडलिंग और पावर लॉस जैसी शिकायतें आम हो गई हैं।



### इंजन में लग रही है जंग

इथेनॉल युक्त पेट्रोल की नमी सोखने की खासियत पुरानी बाइकों के इंजन के लिए घातक साबित हो रही है। करैरा- दिनारा - सिरसौद गांव के बाइक मालिकों ने बताया कि उनकी 2015-2020 मॉडल की बाइकें, जो पहले 50 किलोमीटर प्रति लीटर माइलेज देती थीं, अब 40 किलोमीटर तक सिमट गई हैं। इंजन में असामान्य शोर और जंग के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। मिस्त्रियों का कहना है कि ई-20 के कारण फ्यूल फिल्टर जल्दी बंद हो जाते हैं, जिससे इंजन को पर्याप्त ईंधन नहीं मिलता और ओवरहीटिंग की समस्या होती है। पुराने इंजनों में रबर ट्यूब्स और सील्स भी खराब हो रहे हैं, जिससे मरम्मत का खर्च बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बाइक दैनिक जरूरतों के लिए जरूरी है, यह अतिरिक्त लागत परिवारों पर बोझ डाल रही है। मिस्त्रियों ने बताया कि सर्विसिंग के बाद भी समस्याएं लौट आती हैं, क्योंकि ई-20 पुराने इंजनों के लिए अनुकूल नहीं है। इससे इंजन की उम्र 20-30 प्रतिशत तक कम हो रही है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को बार-बार मरम्मत करानी पड़ रही है।

### झांसी से पेट्रोल लाने की मजबूरी

जिले के करैरा और दिनारा के बाइक मालिक ई-20 की समस्याओं से बचने के लिए उत्तर प्रदेश के झांसी से कम इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल ला रहे हैं। झांसी के पेट्रोल पंप की दूरी मुख्यतः दिनारा से 10 किलोमीटर है वाहन मालिकों का कहना है कि झांसी का पेट्रोल कम इथेनॉल वाला होने से इंजन को कम नुकसान पहुंचाता है और माइलेज भी बेहतर देता है। स्थानीय किसान सुरेश कुमार ने बताया कि वे साप्ताहिक आधार पर 20-30 लीटर पेट्रोल झांसी से लाते हैं, क्योंकि अपने यहां के पंपों पर ज्यादा इथेनॉल मिश्रण के कारण माइलेज 10-15 प्रतिशत कम हो जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि स्थानीय पेट्रोल पंप तय मानकों से ज्यादा इथेनॉल मिला रहे हैं, जिससे इंजन में खराबी और माइलेज की हानि हो रही है। हालांकि, सीमा पार से पेट्रोल लाना अवैध और जोखिम भरा है, लेकिन मजबूरी में लोग ऐसा कर रहे हैं। मिस्त्रियों का कहना है कि कम इथेनॉल वाला पेट्रोल इंजन को स्मूथ रखता है और जंग की समस्या कम करता है। ग्रामीणों की शिकायत है कि स्थानीय पंपों पर ब्लेंडिंग की सही जानकारी नहीं दी जाती, जिससे उपभोक्ता ठगा हुआ महसूस करते हैं। यह स्थिति न केवल इंजन को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि मध्यम वर्गीय परिवारों की जेब पर भी असर डाल रही है, जो पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

### जिला प्रशासन से जांच की मांग

शिवपुरी जिले में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से इंजन खराब होने की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए बाइक मालिकों और मिस्त्रियों ने जिला प्रशासन से पेट्रोल पंपों की नियमित जांच की मांग की है। उनका कहना है कि पंपों पर ब्लेंडिंग की पारदर्शी जानकारी और समय-समय पर सैंपलिंग से मिलावट पर रोक लग सकती है। स्थानीय निवासियों ने सुझाव दिया कि पंपों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं, जिसमें इथेनॉल की मात्रा स्पष्ट हो। मिस्त्रियों का अनुमान है कि अगर ब्लेंडिंग 20 प्रतिशत से ज्यादा हो रही है, तो इंजन को दोगुना नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की इथेनॉल नीति किसानों को लाभ पहुंचा रही है, लेकिन पुरानी बाइकों के मालिकों के लिए यह मुसीबत बन गई है। प्रशासन से मांग है कि पुराने वाहनों के लिए इथेनॉल-मुक्त या कम इथेनॉल वाला पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए, ताकि इंजन की सुरक्षा हो सके। यदि जिला प्रशासन पंपों की जांच और सख्ती लागू करे, तो न केवल इंजन खराब होने की समस्या कम होगी, बल्कि उपभोक्ताओं का विश्वास भी बहाल होगा।

### इनका कहना है

हर महीने एक दर्जन से ज्यादा वाहनों में यही शिकायत आ रही है पुराने वाहनों में समस्या ज़्यादा आ रही है इंजन की खराबी में ग्राहक का ज़्यादा पैसा खर्च होता है इससे ग्राहकों को बहुत नुकसान हो रहा है ।

**जावेद पठान** बाइक मिस्त्री करैरा

## विशेष परिचर्चा में कवि जैन ने कहा

# हिंदी सिर्फ संवाद का सेतु नहीं भारतीय संस्कृति की संवाहक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

हिंदी दिवस के अवसर पर मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की शिवपुरी इकाई ने 'हिंदी का वर्तमान और वर्तमान की हिंदी' विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया। नगर के झॉंसी तिराहे स्थित 'इंडियन फोर्स अकादमी' में आयोजित इस परिचर्चा का आरम्भ करते हुए लेखक जाहिद खान ने कहा, 14 सितम्बर 1949 को संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। और 14 सितम्बर 1953 को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। तब से ही हर वर्ष यह दिन पूरे देश में हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा, हिन्दी का वर्तमान आश्वस्तिदायक और भविष्य उज्जवल है। पूरी दुनिया में हिन्दी का विस्तार हुआ है। म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन शिवपुरी इकाई के सचिव लेखक—पत्रकार सुनील व्यास ने कहा आजादी के पूर्व से ही हिन्दी का हमारे सामाजिक परिवेश पर काफी प्रभाव रहा है। भारतेन्दु युग में हिन्दी भाषी अखबारों की शुरूआत ने जो गति पकड़ी, वो द्विवेदी युग से होते हुए देश की आजादी तक अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहे। उन्होंने कहा, आजादी की लड़ाई में संचार माध्यम के रूप में हिन्दी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान तो रहा ही, बल्कि वर्तमान युग में भी पूरे विश्व में हिन्दी अपनी विशिष्ट जगह बनाए हुए है।

कवि, ग़ज़लकार रामकृष्ण मोर्य ने कहा, हमारी नई पीढ़ी को सभी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए, लेकिन व्यवहार में वे अनिवार्य रूप से अपनी मातृभाषा हिन्दी का उपयोग करें। कवि हेमलता चौधरी ने परिचर्चा में अपनी बात का प्रारंभ कवितामय तरीक़े से किया। उन्होंने कहा, 'निज अनुभव के बलबूते पर नये सृजन आधार बनाएं/सपनों को साकार करें और हिन्दी को समृद्ध बनाएं।' उन्होंने कहा, हिन्दी तभी प्रतिष्ठित होगी, जब हम इसके लिए सतत प्रयत्नशील होंगे। अच्छी बात यह है कि धीरे—धीरे ही सही, हिन्दी रोजगार की भाषा बनती जा रही है। म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन शिवपुरी इकाई के अध्यक्ष कवि, गीतकार विनय प्रकाश जैन 'नीरव' ने परिचर्चा को शीर्ष पर ले जाते हुए कहा, भाषा सिर्फ़ संवाद का सेतु नहीं है, बल्कि वह संस्कृति की संवाहक, साहित्य की संवेदना और लोक जीवन के विविध रंगों का समन्वय होती है। इस दृष्टि से हिन्दी बहुत समृद्ध भाषा है। यही कारण है कि वर्तमान में इसका प्रयोग संसद, न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा सूचना प्रोद्योगिकी में समान रूप से हो रहा है। लेखक, आलोचक प्रोफेसर पुनीत कुमार ने परिचर्चा का समापन करते हुए कहा, हिन्दी को लेकर हमारे मन में किसी प्रकार की हीन भावना नहीं होना चाहिए। हिन्दी एक सम्पूर्ण भाषा है। इसमें अभिव्यक्ति बहुत सरल ढंग से हो सकती है। उन्होंने कहा, हिन्दी का विकास दृढ़ इच्छाशक्ति से ही सम्भव हो सकता है। परिचर्चा के समापन पर 'इंडियन फोर्स अकादमी' के संचालक महेन्द्र सिंह ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, आशा है कि हिन्दी दिवस पर आयोजित यह परिचर्चा विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होगी।

## जन-जन की भाषा है हिंदीः ओझा

# पत्रकार व कवियों को हिंदी सेवी सम्मान से किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर बीबीएम कॉलेज में मेरा युवा भारत (माय भारत), शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांति युवा मंडल के द्वारा काव्य गोष्ठी एवं हिंदी सेवी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल ओझा सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन पुष्पहार पहनाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने बताया कि 14 सितंबर 1949 का दिन भारतीय इतिहास में एक मील का पत्थर है। इस दिन संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि के साथ भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। यह स्वतंत्र भारत के लिए अपनी भाषा को सम्मान और पहचान दिलाने का पहला बड़ा कदम था। मुख्य अतिथि अनिल ओझा ने कहा हिंदी भाषा हम सब की मातृभाषा, राष्ट्रभाषा, राज्य भाषा है। हिंदी भाषा जन-जन की भाषा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुजीत क्लाडियस ने बताया कि विश्व में अधिकांश देश के निवासी हिंदी भाषा बोलते हैं। आज हम सब अंग्रेजी एवं अन्य भाषाओं में ज्यादा डूब रहे हैं। हम सबको अपने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा के शब्दों उपयोग को अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर प्रेम श्रीवास्तव ने बताया कि हिंदी भाषा की प्रगति के लिए जो कविगण एवं पत्रकार बंधु कार्य कर रहे है। उन सभी को हिंदी दिवस पर हिंदी सेवी सम्मान उपाधि से सम्मानित किया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन ने कहा कि सभी पत्रकार एवं कवियों को ईश्वर ने हिंदी भाषा की प्रगति के लिए कार्य करने के लिए अवसर प्रदान किया है। पूर्व प्राचार्य आरके जैन ने कहा कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों कॉलेज में अनेक प्रकार के कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होना चाहिए। प्रोफेसर डालचंद पटेल ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1953 में पहली बार 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की और तब से लेकर आज तक यह सिलसिला जारी है।

### इनका हुआ सम्मान

सुजीत क्लाडियस, राजेश जैन, सुनील राय, संतोष झा, सचिन तिवारी, अनुज हजारी, हेमंत बिलगैया, राजेश बबेले, नीरज राय, लक्ष्मण राजपूत, महेंद्र अभागा, रामस्वरूप सन्मति, देवेंद्र नाथ तिवारी, मूलचंद सेन, रामस्वरूप पाल, किशन छलिया, रविशंकर अवस्थी, मनोहर लाल दीक्षित, माता प्रसाद अहिरवार, राकेश बबेले, डालचंद पटेल, एलएन दुबे आदि का अभिनंदन पत्र एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कवियों ने एक से एक बढ़कर शानदार कविता का पाठ किया। इस अवसर पर बीबीएम कॉलेज के हिंदी शिक्षक आरडी सेन एवं ललिता रैकवार को भी हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया।

### महिला की मौत पर हंगामा नेशनल हाईवे पर चक्का जाम

**मुंगावली।** बरखाना निवासी अहिल्या यादव पत्नी शैलेन्द्र यादव उम्र 21 वर्ष की अस्पताल में मौत के बाद परिजनों ने गंभीर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों ने महिला के शव को अस्पताल से निकालकर नेशनल हाईवे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, अहिल्या यादव को गर्भ में पाँच माह का बच्चा खत्म हो जाने के बाद शनिवार-रविवार की रात करीब 2 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉ. अमित पांडे द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। परिवारजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के चलते महिला की मौत हुई। यही नहीं डॉक्टर पर गाली-गलौच और अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। गुस्साए परिजनों ने महिला के शव को अस्पताल से निकालकर नेशनल हाईवे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान परिवारजन रोते-बिलखते सड़क पर बैठे रहे, जिससे लंबे समय तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और परिजनों को समझाइश दी। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## मप्र कांग्रेस कमेटी का तीन सदस्यीय दल पहुंचा ग्राम देवल

# सरपंच लाखन की हत्या मामले की जांच कर तैयार की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

देवल सरपंच हत्या की जांच करने प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तीन सदस्यीय जांच दल ग्राम देवल सोमवार को ग्राम देवल पहुंचा। जिसमें सेवड़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह, विधायक देवेंद्र पटेल एवं गुना के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह यादव शामिल रहे। साथ ही सागर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर एवं ब्लॉक अध्यक्ष इंदर यादव भी जांच दल के साथ सोमवार को ग्राम देवल पहुंचे। जांच दल ने हत्या के कारण और इसके पीछे की साजिश की जांच करने के लिए सभी ने परिवार के सदस्यों से अलग-अलग चर्चा की। जांच दल के साथ चर्चा में मृतक के भाई प्रमोद ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम देवल में मध्य प्रदेश शासन द्वारा आधुनिक गोशाला का निर्माण किया जाना था। जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया था। लेकिन दोनों भाई ( हत्या के आरोपी) प्रस्ताव को वापस लेने का दबाव बना रहे थे। क्योंकि वह 75 एकड़ जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। इसके अलावा वह गोशाला निर्माण का पूरा कार्य स्वयं करना चाहते थे। इस कारण से वह हमारे परिवार से बुराई रखे हुए थे।



बुराई के चलते बाइक से आ रहे भाई लाखन की रास्ते में उन्होंने फोर व्हील गाड़ी से कुचल दिया। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग समस्त ग्राम वासियों के बीच रखी है। उसके बाद जांच समिति ने कमरे में बैठकर परिवार के सदस्यों से विस्तृत चर्चा कर रिपोर्ट तैयार की है। जिसे जांच समिति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। बता दें, 4 सितंबर को शाम 5.30 बजे भानगढ़ रोड पर सरपंच की सफारी वाहन से कुचलकर हत्या की गई थी। पुलिस ने अगले दिन देवल के सोबरन यादव और सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। 7 सितंबर को परिजनों और ग्रामीणों ने एसडीओपी कार्यालय में प्रदर्शन कर अन्य आरोपियों के नाम जोड़ने की मांग की। 9 सितंबर को सरपंच संघ ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग रखी।

## नए एसपी राजीव मिश्रा का किया स्वागत, सम्मान समारोह आयोजित

# एसपी रहे विनीत जैन के स्थानांतरण पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के कस्तूरी गार्डन के सभागार गृह में अशोकनगर में एसपी के पद पर पदस्थ रहे विनीत कुमार जैन के स्थानांतरण पर और नए एसपी राजीव मिश्रा के आगमन पर एक विदाई पार्टी और स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक अधिकारियों और उपस्थित जनों ने स्थानांतिरत हुए विनीत जैन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके कार्यों पर समग्र रूप से वर्णन कर रेखांकित किया। इसी मौके पर नए एसपी राजीव मिश्रा का स्वागत करते हुए उन्हें आने वाले दिनों में अशोकनगर जिले को नए मुकाम पर लिए जाने की अपेक्षा की गई।

कलेक्टर आदित्य सिंह ने एसपी रहे विनीत जैन के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। सभी जानते है कि अशोकनगर में कलेक्टर और एसपी के बीच अगर अच्छा समन्वय हो तो प्रशासन की गाड़ी भी पूरे तालमेल से चलती है। इस तालमेल को पूर्व कलेक्टर रहे




सुभाष द्विवेदी के कार्यकाल में भी देखा गया और वर्तमान कलेक्टर आदित्य सिंह के कार्यकाल में भी देखने को मिला। अगर कलेक्टर की ओर से कोई आयोजन है तो पहली पंक्ति में एसपी नजर आते थे और एसपी के ओर से कोई आयोजन है तो पहली पंक्ति में नजर आते थे। यह गजब का तालमेल अशोकनगर में देखने को मिला और शासन की मंशा भी यही है कि प्रशासन मिलजुल कर समन्वय के साथ चले। यह सब उन्होंने अपने कार्यकाल में कर दिखाया और सच पूछो तो अच्छे अधिकारियों की पहचान यही है। प्रशासन के यह दोनो बड़े अधिकारी अगर एक मंच पर हैं तो प्रशासन भी अच्छा चलता है।

इस मौके पर विनीत जैन के कार्यकाल पर समग्र रूप से प्रकाश वक्ताओं द्वारा डाला गया और कहा गया है कि अब तक जो जिले में पुलिस कप्तान के कार्य करने की शैली में जो कमियां थी उन्हें न केवल विनीत जैन ने एसपी रहते हुए पूरा किया अपितु ऐसे नवाचार किए जो अशोकनगर पुलिस प्रशासन की पहचान बन गए हैं। उन्होंने अपने विभाग के कर्मचारियों को भी साथ लेकर चलने, रात 10 से 11 बजे तक बैठकर काम करने, पुलिस बैण्ड की व्यवस्था करने, कानून व्यवस्था को सुर्दढ करने और जिले भर के धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कर उसे शहर के आयोजन बनाने का प्रयास किया। चाहे वह फूल डोल ग्यारस का आयोजन हो, या फिर नवरात्रि का पर्व हो या फिर मुनि श्री के आगमन की वेला हो। सब कुछ उन्होंने जिले में बेहतर से बेहतर किया। पुलिस विभाग में सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों की विदाई सम्मानपूर्वक करने का श्रेय भी उन्हें जाता है।

इस मौके पर उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि अगर में इस जिले में बेहतर से बेहतर कुछ कर पाया तो मुझे मेरे विभाग के लोगों को भरपूर सहयोग मिला। मैं उनकी दम पर ही यह काम कर पाया। मेरे द्वारा किए गए कार्यों को मीडिया ने आगे बढ़ाया, उन्होंने सभी अधिकारियों की प्रशंसा भी की और कहा कि आपके साथ बिताए गए पल मुझे हमेशा याद रहेगें। मेरे कार्यकाल में अशोकनगर मेरी दृष्टि में एक सर्वश्रेष्ठ स्थान रहा। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी विवेक शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और अपने अनुभवों से अवगत कराया।



### हिंदी सिर्फ भाषा मात्र नहीं है यह हमारे जीवन का आधार हैः मुरारी गोस्वामी

**बीना।** नई बस्ती स्थित अथक पथ संग्रहालय में परशुराम कल्याण बोर्ड तहसील बीना के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम कल्याण बोर्ड सागर जिला सदस्य मुरारी गोस्वामी ने कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा मात्र नहीं है यह हमारे जीवन का आधार है। हिंदी से हिन्दू है, हिन्दू से हिंदुस्तान, हिंदुस्तान से हिंदी और सब से हम। इनमें से कोई एक भी कम होगा तो हम नहीं रहेंगे। इस मौके पर अथक पथ संग्रहालय में लगाई गई हिंदी के रचयिताओं की प्रदर्शनी के बारे में राम शर्मा ने इतिहासकारों के बारे में जानकारी दी। पार्षद जितेंद्र बोहरे, आशीष तिवारी, हेमंत बिलगैया, साधना पाराशर, हरि शर्मा, राजकुमार पाराशर, रोहित तिवारी, अभिषेक गोस्वामी आदि ने अपने विचार रखे।